भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : *311
गुरुवार, 10 अगस्त 2023/ 19 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे

***311. डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हवाई क्षेत्र (एयर फील्ड) के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग से जोड़ने वाला ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) प्रचालनरत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ईसीटी से विमान के टैक्सी समय में कमी आएगी और यह विमान उतरने के बारह मिनट के भीतर ही यात्रियों को उतरने में मदद देगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ): एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे" के संबंध में लोकसभा दिनांक 10.08.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 311 के उत्तर से संबंधित वक्तव्य।

से (घ): जी हां। हवाईअड्डे के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग से जोड़ने वाला एलिवेटेड क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) को, दिनांक 14 जुलाई 2023 से चालू कर दिया गया है। ये टैक्सी-वे, 2.1-किमी लंबे और 44 मीटर चौड़े एवं दोहरे लेन वाले एलिवेटेड कोड-एफ टैक्सीवे हैं, जिनके बीच में 47 मीटर की दूरी है ताकि दो बड़े विमान सुरक्षित रूप से एक साथ चल सकें। इन पर बडे विमान और ए380, बी777 और बी747-8 जैसे वाइड बॉडी वाले जेट चल सकते हैं। ये टैक्सीवे उत्तरी और दक्षिणी हवाईफील्ड को जोड़ेंगे और इनसे विमान की टैक्सी प्रक्रिया की दूरी, को 7 किमी तक कम हो जाएगी।

ईसीटी से टैक्सी प्रक्रिया मार्गों और विमान प्रचालनों को ईष्टतम बनाना संभव होगा, जिसके परिणामस्वरूप कार्बनडाइऑक्साइड (CO_2) के उत्सर्जन में प्रति वर्ष लगभग 55,000 टन कमी आएगी। ईसीटी से, लैंडिंग के बाद और टेक-ऑफ से पहले, यात्रियों के टरमैक पर लगने वाले समय में कमी आएगी जिससे यात्रियों को यात्रा का सुखद अनुभव मिलेगा।

*****